तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा



4 रंग गुलाल और पिचकारियों से सजा बाजार, मुखौटा बेचने वालों की खैर नहीं




## खबर संक्षेप

### सामाजिक विज्ञान परीक्षा में 356 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**कोरबा।** हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा कुल 19 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। दर्ज परीक्षार्थियों की संख्या 12,425 रही, जिनमें से 12,069 विद्यार्थी उपस्थित थे और 356 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण दल क्रमांक 1 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक बालको, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या बालको, अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार, दल क्रमांक 2 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी, भैसमा, नोनबिर्रा, सेन्द्रीपाली, रामपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोतली का निरीक्षण किया गया।

### रोगियों को मिल रही निःशुल्क रक्त सुविधा

**कोरबा।** जिले में 1 शासकीय ब्लड सेंटर तथा 4 निजी ब्लड सेंटर-बिलासा ब्लड सेंटर घंटाघर कोरबा, संवेदना ब्लड सेंटर कोसाबाड़ी, बालाजी ब्लड सेंटर एनकेएच हॉस्पिटल परिसर और कटघोरा ब्लड सेंटर कटघोरा संचालित हैं। शासकीय ब्लड सेंटर तथा तीन निजी ब्लड सेंटर्स में ब्लड कंपोनेंट (रक्त अवयव पृथक्करण) सुविधा उपलब्ध है। इससे मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त एवं रक्त अवयव प्राप्त हो रहे हैं। ब्लड कंपोनेंट सुविधा प्रारंभ होने से एक यूनिट रक्त से तीन अलग-अलग घटक रेड ब्लड सेल्स, प्लाज्मा और प्लेटलेट्स-तैयार होते हैं, जो तीन मरीजों के उपचार में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।


### निगम ने शहर के सुनालिया चौक और स्मृति उद्यान के समीप किया शेड तैयार

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जल्द मिलेगी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में चलने वाले लगभग 6 हजार से भी अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की सुविधा जल्द शुरू होने वाली है। निगम प्रशासन की ओर से सुनालिया चौक के समीप मल्टीलेवल पार्किंग और स्मृति उद्यान के निकट शेड तैयार किया गया है। 50 लाख की लागत से चार्जिंग मशीन भी खरीदी की जा चुकी है लेकिन 3 माह बीत जाने के बाद भी मशीन के लिए पावर सप्लाई की व्यवस्था नहीं की गई है। सुविधा के अभाव में लो बैटरी होने पर वाहन चालकों को घर वापस लौटना पड़ रहा है। केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत यह चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जानगरीय कोरबा देश के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में शुमार है, जहां इको फ्रेंडली ग्रीन एनर्जी वाले ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों के चलते तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड बाजार में बढ़ी है। निजी हो चाहे कमर्शियल लोग ई-व्हीकल की ओर रुख करने लगे हैं। जिस तादाद में शहर में दौड़ने वाली ई-रिक्शा की बढ़त हो रही उससे अनुसार शहर में चार्जिंग प्वाइंट का होने आवश्यक हो गया है।दरअसल लगदग 3 साल पहले शहर में ई-रिक्शा की संख्या 100 थी, जो अब बढ़कर 1500 हो चुकी है। सामान्य तौर पर ई-रिक्शा फुल चार्ज करने पर 70 से 80 किलोमीटर की दूरी तय करता है। वर्तमान में चार्जिंग स्टेशन नहीं होने से वाहन चालक लंबी दूरी सवारी नहीं ले जा रहे हैं। उन्हे हमेशा इस बात का डर होता है कि यात्री सेवा देते समय कहीं चार्जिंग खत्म न हो जाए। वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए वाहन चालकों चार्जिंग स्टेशन की लंबे समय से मांग थी। ई-वाहन चालक घर में रात भर चार्चिंग करते हैं, जो पूरे दिन वाहन चलाने के लिए यह पर्याप्त नहीं होता। यही वजह है कि इलेक्ट्रिक वाहन संचालक लंबे समय से चार्जिंग पाईट का इंतजार कर रहे हैं,अब उनकी मांग पूरी होने जा रही हैं।निगम द्वारा शहर में दो स्थानों पर चार्जिंग पाईट की स्थापना की जा रही है। आने वाले दिनों में जल्द ही लोगों को चार्जिंग स्टेशन का लाभ मिलने लगेगा।



इस तरह तैयार हो रही चार्चिंग स्टेशन।

### रेलवे और बस स्टैंड में सबसे ज्यादा जरूरत

ई-रिक्शा संचालकों की ओर से शहर के बस और रेलवे स्टैंड में चार्जिंग प्वाइंट की मांग की जा रही है। यहां सुविधा होने से अधिक दूरी तक सफर करने वाले यात्रियों को पूरी तरह रिचार्ज वाहन का विकल्प चुनने में सहूलियत होगी। शहर में चार्जिंग प्वाइंट नहीं होने की वजह से कई गैरेज संचालकों ने हूकिंग की बिजली से सेवाएं देना शुरू कर दिया है। इससे न केवल विद्युत वितरण विभाग को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है , बल्कि सप्लाई तार पर भी भार बढ़ रहा हैल मामले को गंभीरता से नहीं लेने के चलते बिजली चोरी की संभावना भी बढ़ गई है।

### पेट्रोल बाइक और आटो से हो रहा प्रदूषण

शहर में चिमनी और भारी वाहनों से निकलने वाले धुआं के साथ कुल प्रदूषण का लगभग 18 प्रतिशत अकेले ऑटो और दोपहिया वाहनों से निकलती है। चार्चिंग प्वाइंट खुलने से लोगों की निर्भरता बढ़ेगी। सड़कों पर होने वाले प्रदूषण से राहत मिलेगी। ई-रिक्शा की संख्या शहर ही नहीं उपनगरीय क्षेत्रों में भी बढ़ रही है। यहां भी चार्जिंग प्वाइंट की जरूरत महसूस की जा रही। सुविधा मिलने से यहां भी पेट्रोल और डीजल वाहन की संख्या में कमी आएगी। स्थानीय निकाय की ओर शहर चार्जिंग प्वाइंट खोलने से राजस्व लाभ भी मिलेगा, रोजगार भी बढ़ेगा।

### शहर की सड़कों पर ई बसे भरेंगी फर्राटा

शहर को जल्द ही ई-बस की सुविधा मिलने जा रही है, ई बसो के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में चार्जिंग पाइंट का निर्माण किया जा रहा है।लगभग 80 प्रतिशत से अधिक का कम पूरा हो चुका है। आने वाले दिनों में जैसे ही ई बसे मिलेगी। शहर की सड़कों पर ई बसो का संचालन शुरू हो जाएगा।शहर की सड़कों पर ई बसो के फर्राटे भरने से प्रदूषण की समस्या से भी थोड़ी राहत मिलेगी।

# दो आदतन अपराधियों को कलेक्टर ने किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने आज दो महत्वपूर्ण और कठोर दण्डात्मक कार्रवाइयाँ की हैं। जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत ने छग राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 3 एवं 5 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए आदतन अपराधी अंचल अग्रवाल तथा संजय पावले को एक वर्ष की अवधि के लिए कोरबा तथा नौ सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से जिला बदर कर दिया है।

**खास बात**

- आरोपी अंचल अग्रवाल व संजय पावले पर हुई कार्यवाही

जानकारी के अनुसार आरएसएस नगर निवासी आरोपी अंचल अग्रवाल उर्फ जिनी उम्र-30 वर्ष पिता अनिल अग्रवाल पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर जो ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। अनावेदक ट्रांसपोर्टिंग के साथ-साथ मारपीट, लूट, भयादोहन, अवैध शराब तस्करी, बलवा जैसे मामला में संलिप्त रहा है। अनावेदक के द्वारा आम जनता से मारपीट कर उन्हें डराने धमकाने के काम करता रहा है, जो अनावेदक के कृत्यों से आम लोगों के मन में भय व दहशत पैदा कर अपना वर्चस्व स्थापित करता है। जिनके कृत्यों पर रोक लगाने हेतु समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी किया गया था, उसके बाद भी अनावेदक के कृत्यों में किसी प्रकार का सुधार नहीं हुआ है। कई लोग इनके डर से इनके कृत्यों का पुलिस के पास सूचना भी नहीं देते है। अनावेदक आम लोगों के लिए आंतक का पर्याय बना हुआ है। अनावेदक के विरूद्ध पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर में मारपीट, थाना, सिविल लाईन रामपुर में लूठ व भयादोहन जैसे गंभीर अपराध पंजीबद्ध है। अनावेदक अंचल अग्रवाल उर्फ जिनी आंतक का पर्याय बन चुका है। इसी तरह शंकर नगर खरमोरा निवासी व शराब माफिया संजय पावले उम्र-43 वर्ष पिता संपत पावले शराब माफिया गतिविधियों से लेकर हथियारबंद आतंक तक-10 अपराध और 5 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। संजय पावले अपराधिक प्रवृत्ति से प्रभाव में आकर लोगों से मारपीट, डराना धमकाना, शस्त्र लहराकर भय पैदाकर करना तथा अवैध मादक पदार्थ शराब बेचने जैसे-मामलों में संलिप्त रहा है। अनावेदक के द्वारा आम जनता से झगड़ा विवाद करने एवं लगातार शराब बनाने व बिक्री करने का काम करता आ रहा है, अनावेदक के कृत्यों से आम लोगों के मन में भय दहशत पैदा कर अपना वर्चस्व स्थापित करता है जो जनहित एवं कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। दोनों अपराधियों पर समान कठोर प्रतिबंध लागू छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 के अंतर्गत जारी आदेशों के अनुसार दोनों अपराधियों अंचल अग्रवाल तथा संजय पावले को कोरबा के साथ-साथ बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, तथा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों की सीमाओं से 24 घंटे के भीतर बाहर जाना अनिवार्य है। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर उन्हें बलपूर्वक सीमाओं से बाहर किया जाएगा तथा अधिनियम के तहत कठोर दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### कोरबा-विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस पहुंची 4 घंटे विलंब, यात्री हलाकान

**कोरबा।** ट्रेनों की लेटलतीफी का सिलसिला लगातार जारी है। गुरुवार को भी विशाखापट्टनम से कोरबा आने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से कई घंटे विलंब से पहुंची जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार विशाखापट्टनम से चलकर कोरबा पहुंचने वाली लिंक एक्सप्रेस का निर्धारित आगमन समय सुबह 11 बजे है लेकिन ट्रेन दोपहर लगभग 3 बजे कोरबा स्टेशन पहुंची। करीब 4 घंटे देरी से आने के कारण इसी रेक से वापस जाने वाली कोरबा–विशाखापट्टनम लिंक एक्सप्रेस भी समय पर रवाना नहीं हो सकी। कोरबा से इस ट्रेन का निर्धारित प्रस्थान समय शाम 4:10 बजे है लेकिन देर से आने के कारण ट्रेन लगभग 5:06 बजे रवाना हुई, यानी करीब 54 मिनट की देरी से यात्रियों को सफर शुरू करना पड़ा। रेल यात्रियों का कहना है कि इस रेलखंड पर अक्सर कोयला लोड मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है, जिसके चलते यात्री ट्रेनों को सिग्नल नहीं मिल पाता है।




## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की दो दिवसीय हड़ताल शुरु

**कोरबा।** जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ के बैनर तले अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दो दिवसीय काम-बंद हड़ताल पर चली गई हैं। हड़ताल के दौरान कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने शहर के आईटीआई चौक पर एकत्रित होकर संयुक्त रूप से धरना-प्रदर्शन किया। धरनास्थल पर मौजूद संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से सेवाएं दे रही हैं लेकिन सरकार द्वारा दिए जा रहे मानदेय से उनका जीवनयापन मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, जबकि मानदेय में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने से परिवार चलाना कठिन हो रहा है। संघ सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सरकार द्वारा शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आगामी दिनों में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर विधानसभा घेराव किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपनी मांगों को जोर-शोर से उठाया और सरकार से जल्द समाधान की मांग की।

### स्वान के सिर में फंसा डिब्बा, सुरक्षित किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** एक स्वान के सिर में डिब्बा फंस जाने से यहां वहां भागते रहा। जब स्थानीय लोगों की नजर इस पर पड़ी तो उन्होंने रेस्क्यू टीम को सूचना दी। जिसके बाद रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंचकर स्वान के सिर में फंसा डिब्बा को बाहर निकाला गया जिसके बाद स्वान ने सुरक्षित महसूस किया। डिब्बा के फंसने के कारण स्वान कई दिनों से कुछ खाना पीना बंद हो गया था जिसके कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी थी। बताया जाता है कि उक्त स्वान सुभाष ब्लॉक के घरों के बाहर और हेलीपैड जंगल के आसपास देखा जाता था। स्थानीय लोग उसे खाना-पानी भी देते थे। डिब्बा फंसने के बाद भूख और प्यास से परेशान होकर वह इधर-उधर भटक रहा था। उसकी बिगड़ती हालत देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम के सदस्य बबलू कुमार मारुवा, विमल चौहान, पुष्पेंद्र चौहान, सूर्यभान कुर्मी और नीतीश चौहान सहित अन्य साथियों ने सावधानीपूर्वक स्वान को पकड़कर उसके सिर में फंसे डिब्बा को निकाला गया। जिसके बाद स्वान ने राहत की सांस ली।

### हवन-पूजन व सहस्त्र धारा के साथ सपन्न हुआ अखण्ड नवधा रामायण



**मडवारानी।** करतला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छातापाठ में अखण्ड नवधा रामायण का एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन 16 फरवरी से किया गया था जो गुरुवार को हवन-पूजन एवं सहस्त्र धारा के साथ सम्पन्न हुआ। वैदिक आचार्यों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने अग्नि में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण एवं ग्राम सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात सहस्त्र धारा के माध्यम से भगवान श्रीराम की विशेष आराधना की गई। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ भजन-कीर्तन एवं रामायण पाठ की गूंज से आयोजन स्थल आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। ग्राम के वरिष्ठजनों एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन समाज में आपसी सद्भाव, संस्कारों के संरक्षण और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जाता है।

### कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को खाते में दी जाएगी राशि

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के अन्नदाताओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। जिले में धान बेचने वाले किसानों को योजना का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरित किया जाएगा। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कोरबा जिले के कुल 43 हजार 681 किसानों ने अब तक इस योजना का लाभ उठाया है। योजना के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप, जिले में कुल 27 लाख 47 हजार 101.20 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसके एवज में किसानों के खातों में 20 हजार 81.31 लाख रुपये की बड़ी राशि हस्तांतरित की जाएगी। विकासखंडवार आंकड़ों पर नज़र डालें तो करतला विकासखंड इस योजना का लाभ लेने में सबसे आगे रहा है, जहां 13 हजार 358 किसानों ने 9 लाख 82 हजार 873.20 क्विंटल धान बेचकर 7 हजार 184.80 लाख रुपये की राशि, पाली विकासखंड में 10 हजार 157 किसानों को 5 लाख 53 हजार 834.80 क्विंटल धान के बदले 4 हजार 48.54 लाख रुपये का भुगतान, पोड़ीउपरोड़ा विकासखंड में 7 हजार 649 किसानों को 4 लाख 53 हजार 565.20 क्विंटल धान के एवज में 3 हजार 315.54 लाख रुपये का तथा विकासखंड के 7 हजार 68 किसानों को 4 लाख 74 हजार 294 क्विंटल धान हेतु 3 हजार 467.10 लाख रुपये और कटघोरा विकासखंड के 5 हजार 449 किसानों को 2 लाख 82 हजार 534 क्विंटल धान के लिए 2 हजार 65.33 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

# बदलते मौसम ने मंडी में रखा धान के भीगने का मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में मंगलवार को मौसम ने करवट ली और दोपहर में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई थी। इससे वातावरण में एक बार फिर नमी बनी और मौसम में ठंडकता आई है। वहीं तापमान में गिरावट दर्ज की गई।मौसम में हुए बदलाव का असर जिले के उपार्जन केंद्रों में डंप पड़े धान को सुरक्षित रखने की चुनौती बनी हुई है। इसे लेकर समिति चिंतित है। बारिश में बोरियां भीगने से धान खराब होने की आशंका बनी हुई है। बताया जा रहा है कि जिले के उपार्जन केंद्रों में लगभग पांच लाख क्विंटल धान अब भी जाम पड़ी हुई है। प्रदेश में तीन अलग-अलग चक्रवाती सिस्टम सक्रिय है। इसका असर कोरबा जिले में भी देखने को मिला।

## डंप पड़े धान को सुरक्षित रखने की चुनौती

**खास बातें**

- दो दिनों से मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी
- मौसम को लेकर प्रबंधन है अलर्ट



बीते दिनों सुबह से तेज धूप निकली थी लेकिन दोपहर लगभग दो बजे मौसम में बदलाव हुआ। तेज हवाएं चली। गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश शुरू होते ही लोग जहां जहां-तहां रूक गए और बारिश थमने का इंतजार करते रहे। लगभग आधा घंटे हुई रिमझिम बारिश से शहर की सड़कें तरबतर हो गई। बारिश कम होने के बाद लोग गंतव्य के लिए आगे बढ़े। इसी के साथ वातावरण में ठंडकता बढ़ गई। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने सुबह तेज धूप की वजह से अधिकतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। विभाग ने आने वाले दो से तीनों तक इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान लगाया है। दोपहर में हुई हल्की बारिश से शहरी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था की पोल खोल दी है। हल्की हवा चलने के बाद तुलसीनगर, पाड़ीमार व दर्री जोन क्षेत्र के अधिकांश इलाके बिजली की आंख मिचौली चल रही थी। मौसम में हुए अचानक बदलाव को लेकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है। तेज हवा और बारिश के चलते आम के बौर नीचे गिरे गए। वहीं दलहन, तिहलन सहित अन्य सब्जी के फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

## निगम आयुक्त वार्डों में पैदल भ्रमण कर सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

# स्वच्छता महाअभियान के दूसरे दिन बुधवारी एम पी नगर में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों की सम्पूर्ण रूप से सफाई किये जाने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्वच्छता का महाअभियान के दूसरे दिन गुरुवार को वार्ड क्र. 23 बुधवारी क्र. 1 एवं वार्ड क्र. 27 महाराणाप्रताप नगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव चलाई गई। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय इन वार्डो में पहुंचे तथा गली-गली, बस्ती-बस्ती पैदल भ्रमण कर वृहद पैमाने पर किये जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण किया। उन्होने बस्ती की गलियों, नालियों आदि की सम्पूर्ण सफाई किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये, साथ ही वहॉं के रहवासियों से अपील की कि वे सड़क, नाली आदि में कचरा न डालें, घर से निकले कचरे को स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही दें।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा स्वच्छता का महाअभियान संचालित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वार्ड व बस्तियों में



निरीक्षण करते निगम आयुक्त व अन्य।

मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। द्वितीय दिन वार्ड क्र. 23 बुधवारी क्र. 1 एवं वार्ड क्र. 27 महाराणाप्रताप नगर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों, मुख्य व संपर्क सड़कों, नालियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर नाले एवं नालियों के ऊपर से स्लेब हटाकर उनकी सतह से सफाई, सड़क के किनारे जमी हुई धूल, मिट्टी, बर्म, झाड़ियों की सफाई, कचरे का त्वरित उठाव व परिवहन, कीटनाशक दवाओं, ब्लीचिंग पाउण्डर का छिड़काव आदि के कार्य व्यापक पैमाने पर किये गये। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो की विभिन्न बस्तियों व मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते साफ-सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा मेगा स्वच्छता ड्राईव के सफल संचालन एवं अभियान के बेहतर परिणाम प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। स्वच्छता महाअभियान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को वार्ड क्र. 39 रिसदा व वार्ड क्र. 49 हसदेव क्रमांक 2 के विभिन्न बस्तियों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों आदि में विशेष मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा वृहद साफ-सफाई के कार्य किये जाएंगे।

### गलियों में भ्रमण, आमजन से संवाद

आयुक्त श्री पाण्डेय ने भ्रमण के दौरान विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर वहॉं के रहवासियों से डोर-टू-डोर संपर्क किया, उनसे निगम द्वारा नियमित रूप से कराये जा रहे डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण व निगम के साफ-सफाई कार्यो की सघन रूप से जानकारी ली। सड़क, नाली, स्ट्रीट लाईट, पेयजल आदि से जुड़ी व्यवस्थाओं पर उनसे चर्चा की, उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा तत्काल निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान उन्होने लोगों से पूछा कि उनकी गली व घर में कचरा लेने के लिये रिक्शा प्रतिदिन आता है या नहीं, उनके घरों में डस्टबिन है या नहीं तथा वार्ड, बस्तियों में नियमित सफाई के कार्य होते हैं या नहीं, जिनका सकारात्मक जवाब बस्तीवासियों द्वारा दिया गया।

# बालक आश्रम के छात्र के पैर में लगी चोट, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

बालक आश्रम राहा विकासखण्ड पाली में मनीष कुमार पिता उमेंद सिंह कक्षा 5वीं में पढ़ाई करता है। वह मूलतः ग्राम-तेलसरा थाना पाली का रहने वाला है। जो ग्राम तेलसरा से बालक आश्रम राहा की दूरी लगभग 30 किमी है। जब मनीष कुमार रविवार स्नान कर रहा था उसी समय साफ-सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उसके पैर में गंभीर चोट आया है। मनीष कुमार के पैर में 10 टांका लगा है और स्थिति बहुत नाजुक बना हुआ है। शिकायतकर्ता उमेंद सिंह ने बताया कि आश्रम अधीक्षक धीरपाल सिंह मरकाम हमेशा बालक आश्रम से नदारत रहता है। इसके अलावा आश्रम के कर्मचारी, चौकीदार, रसोईया सभी स्थानीय राहा गाँव के निवासी है। सभी लोग अपने घर का कामकाज कर आश्रम आते हैं। बालक आश्रम में पढ़ाई करने वाले बच्चे भगवान भरोसे हैं। मनीष कुमार के पैर में चोट लगा उस समय बालक आश्रम में कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे सभी नदारत थे। जब उसी गांव के मितानीन



घायल छात्र।

संयोजक रामलाल सलाम को हादसा के बारे में बच्चों द्वारा पता चला तो तुरंत मनीष कुमार की पिता उमेद सिंह को फोन करके घटना के बारे में बताया गया। जिसके बाद मनीष को तात्काल शा. अस्पातल सपलावा में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता उमेंद सिंह ने बताया कि बालक आश्रम के एक चौकीदार छत्तर सिंह मरकाम राहा प्रमण्डल का अध्यक्ष बना है। वह कभी बालक आश्रम में नहीं रहता है।

# महंगा पड़ा मॉडिफाई साइलेंसर का शौक, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑटोमोबाइल कंपनियों के द्वारा निर्धारित मापदंडों के साथ लगाए जाने वाले सामानों में मनमाने तरीके से परिवर्तन को अवैध किया गया है। इस वजह से जनता को आवागमन के दौरान होने वाली समस्याओं पर पुलिस की नजर है। कोरबा जिले में मॉडिफाई साइलेंसर सहित ओवरलोडिंग और दूसरे कारण से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।



कार्यवाही करती यातायात पुलिस।

कोरबा शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस ने पुराने बस स्टैंड से हसदेव लेफ्ट बैंक कैनाल पुल, ट्रांसपोर्ट नगर चौक से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस और कोसाबॉडी तक ऐसे मामलों में कार्रवाई की। इस थेरे ए काफी संख्या में ऐसी स्पोर्ट्स बाइक और बुलेट में मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग करने के साथ नियम से खिलवाड़ हो रहा था और लोगों की मुश्किलें बढ़ाई जा रही थी। पुलिस की टीम ने यहां पर घेराबंटी करते हुए ऐसी गाड़ियों को पकड़ा और उन्हें जप्त कर लिया। मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत इनमें करवाई की गई यह मामले सीधे कोर्ट में पेश किए जा रहे हैं। बताया गया कि पूरे जिले भर में इस तरह का अभियान पुलिस ने शुरू किया है । इसका उद्देश्य चालकों की मनमानी को रोकना और उन्हें नियम पालन के प्रति गंभीर करना है। इस अभियान को सतत रूप से चलाया जाना है। इसके जरिए वाहन चालकों को जिम्मेदार बनना है ताकि उनकी हरकतों से किसी को परेशान ना होना पड़े।

### महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा हेतु जिला पुलिस की पहल

**कोरबा।** वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना और उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। कई बार उत्पीड़न की घटनाओं में पीड़िताएँ लोक-लज्जा एवं झिझक के कारण थाना या चौकी जाकर शिकायत करने में संकोच करती हैं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बनी रहती है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को बिना थाना पहुँचे ही तत्काल सहायता प्रदान करने और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सजग कोरबा सतर्क कोरबा अभियान के तहत मैत्री व्हाट्सएप हेल्पलाइन प्रारंभ की है। इस हेल्पलाइन का मोबाइल नंबर 9479282100 है, जिसके माध्यम से कोई भी पीड़ित महिला या बालिका उत्पीड़न, छेड़छाड़, धमकी या किसी भी प्रकार की त्रासदी की शिकायत सीधे दर्ज करा सकती है। हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत से संबंधित शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर एवं ऐसी कोई भी जानकारी, जिससे पीड़िता की पहचान उजागर हो, पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# रूट डायवर्ट किया पर संकेतक बोर्ड लगाना भूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा मुख्य सड़क से कुचैना मोड़ से दीपका की ओर आवाजाही का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। इसी के साथ पुराने रास्ते को बंद कर दिया गया है। लेकिन रूट डायवर्ट करने का संकेतक बोर्ड नहीं लगाया गया है। इससे पुराने बंद रास्ते से कई राहगीर दोबारा वापस आने से राहगीर परेशान हो रहे हैं। अंडरपास सड़क पर अंधा मोड़ भी है। इससे वाहन चालकों को संभलकर चलना होगा। अंडरपास सड़क के डामरीकरण कार्य से राहत जरूर है।

कुसमुंडा की ओर से गेवरा व दीपका की ओर कुचैना मोड़ से होते हुए एनटीपीसी की रेल लाइन पारकर आवाजाही होती थी। अब इस रास्ते को बंद कर दिया गया है। इसके बाद से कुसमुंडा मुख्य सड़क पर स्थित एनटीपीसी ओवरब्रिज के पास से आवाजाही के लिए

**खास बात**

- वाहन चालकों को हो रही अनावश्यक परेशानी

सड़क का निर्माण कराया गया है। लेकिन इसका डामरीकरण कार्य में लेटलतीफी से वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। उड़ती धूल से राहगीर परेशान थे। डामरीकरण के कार्य से आवाजाही में चालकों राहत मिली है लेकिन रूट डायवर्ट करने का संकेतक बोर्ड नहीं लगाया है। इससे कई राहगीर पुराने बंद रास्ते से वापस आकर आवाजाही करने मजबूर हैं। इससे वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी हो रही है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि पुराने रास्ते को बंद किए जाने की सूचना संबंधी बोर्ड लगाए जाने चाहिए। गेवरा, दीपका की ओर से कुसमुंडा की ओर आवाजाही पर अब कुचैना के बाद अब अंडरपास सड़क में वाहन चालकों को प्रवेश हो रहा है। यह मार्ग लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया है। चूंकि इस सड़क पर वाहनों का दबाव रहेगा, ऐसे में कुसमुंडा मुख्य सड़क से मिलने वाली जगह अब तिराहे होने से वाहन चालकों को संभलकर चलना होगा। दूसरी ओर एक बड़ी राहत रेल लाइन क्रॉस कर सड़क पार करने से छुटकारा मिलना बड़ी राहत भी है। पुराने रास्ते बंद होने के बाद से जानकारी के अभाव में कई चालक परेशान हो रहे हैं।

# जलाराम सेवा समिति के संजय बने अध्यक्ष







हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संत श्री जलाराम सेवा समिति (गुजराती समाज) की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। समाज की मजबूती और सेवा कार्यों को विस्तार देने के उद्देश्य से नई टीम की घोषणा की गई है, जिसमें समाज के अनुभवी और उत्साही सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। समिति की नई कार्यकारिणी में संजय चौहान को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनके अलावा उपाध्यक्ष किशोर पटेल, सचिव सुरेश चौहान, कोषाध्यक्ष प्रदीप चौहान, सह-कोषाध्यक्ष नन्दलाल जेठवा, सह-सचिव कैलाश टांक और निमेष पटेल, संरक्षक और सलाहकार मंडल समाज के वरिष्ठ सदस्यों को संरक्षक और सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है। संरक्षक नानजी पटेल, शांतिलाल चौहान, विनोद चावड़ा, छगन पटेल, कांतिलाल पटेल, वल्लभ मकवाना और मनोज शर्मा। सलाहकार नानजी पटेल (भगत), त्रिभुवन चौहान, दिनेश पटेल, पीयुष राठोड़, शंकर पटेल, धीरेन संघवी, विशाल चावड़ा, रोहित शाह, अतुल शाह और नलीन शाह। कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप मकवाना, ईश्वर पटेल, भगवानदास पटेल, भवानीशंकर भट्ट, मुकेश उपाध्याय, प्रकाश पटेल, तन्मय टांक, दीपक टांक, जीतेश दक्षिणी, कपिल चौहान, उमेश मकवाना और कल्पेश राठोड़ को चुना गया है।

# आज भूविस्थापित करेंगे विभिन्न मांगों को लेकर गेवरा खदान में कामबंद आंदोलन

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन व ठेका कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा है। कंपनी व प्रबंधन पर लिखित आश्वासन से मुकरने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने आरपास की लड़ाई का मन बना लिया है। उन्होंने 27 फरवरी को खदान बंद आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरईबोध और मनगाँव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब दे गया है। कोयला खनन के कारण विस्थापित और प्रभावित हुए ग्रामीणों ने प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। जिसके विरोध में 27 फरवरी से गेवरा खदान और पीएनसी कंपनी के कार्य को अनिश्चितकालीन बंद करने का ऐलान किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएनसी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके पूर्वजों के मठों (धार्मिक स्थलों) को खोदकर फेंक दिया गया, जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। इसके अलावा जमीन अधिग्रहण के बदले मिलने वाले वैकल्पिक रोजगार और उचित मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीण लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में 10 फरवरी को उन्होंने खदान बंद करने की चेतावनी दी थी। उस दौरान 9 फरवरी को गेवरा प्रबंधन, पीएनसी कंपनी और ग्रामीणों के बीच उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। बैठक में प्रबंधन ने लिखित आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर पात्र ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा और मठों के मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि लिखित आश्वासन दिए हुए लगभग दो सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन प्रबंधन ने अभी तक कोई भी कदम नहीं उठाया है। उन्होंने मांग की है जिसमें पूर्व के समझौते के अनुसार स्थानीय युवाओं को तत्काल रोजगार, क्षतिग्रस्त मठों और धार्मिक स्थलों का उचित मुआवजा, क्षेत्र में उड़ रही उड़ रही धूल-डस्ट के रोकथाम के उपाय शामिल है।

# पितनी नदी पर तैयार हो रहा पुल, 8 से 10 किमी की दूरी हो जाएगी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बरसों पूरानी समस्या का होगा अंत, अब इस नदी पर पुल का निर्माण शुरू हो चुका है नदी के दोनों ओर बेस व नदी के बीच में दो गोडा का काम चल रहा है। उतरदा और धौराभांठा रामपुर के बीच बहने वाली पितनी नदी पर पूल नहीं होने से प्रभावित क्षेत्र के स्कूल में अध्यनरत बच्चे व ग्रामवासीयों को खासतौर पर बारिश के महिनों में बिना पुल की पितनी नदी को कमर से ऊपर पानी में डूब कर उतरदा फिर उतरदा से धौराभांठा, रामपुर, अंडीकछार आना जाना मज़बूरी थी। उतरदा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, यात्री बस पकड़ने जैसे अन्य जरूरी कामों के लिए पितनी नदी पर पुल नहीं होने से गंभीर समस्या बनी हुई थी। जिसके लिए प्रभावित क्षेत्र के ग्रामवासियों ने भी की बार पुल बनाने की मांग जिला प्रशासन से भी कर चुके थे। वहीं विगत समय से मंत्रालय में टेंडर प्रक्रिया की वजह से फाइल अटकी हुई थी। जिसे कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल पहल से शामिल किया था। जिसके बाद विधायक श्री पटेल ने 30 मीटर लंबी पुल व 18 सौ मीटर सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। जिसकी लागत राशि 2 करोड़ 25 लाख है। अब पुल के बन जाने से विकासखंड पाली जाने के लिए भी उतरदा के लोगों को अतिरिक्त 8-10 किमी का फेरा नहीं लगाना पड़ेगा। ठेकेदार गोरेलाल साहू ने बताया कि पुल का पूर्ण निर्माण अप्रेल तक हो जाएगा इसमें 18 सौ मीटर एप्रोच रोड पुल के दोनों ओर निर्माण कार्य भी शामिल है।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।

20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### हॉस्टल में भूत-प्रेत की आशंका पर बैगा लेकर पहुंचे परिजन

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत पोड़ी में संचालित 100 सीटर कन्या छात्रावास में अध्यनरत कुछ छात्राएं एकाएक असामान्य हरकतें करने लगती हैं। लगभग दर्जन भर छात्राएं ऐसी हैं जो सामान्य छात्राओं की अपेक्षा अलग हरकतें करने लगती हैं। मामले की जानकारी जब हॉस्टल से परिजन तक पहुंची तो उन्होंने भूत-प्रेत का साया पड़ने की बात कही। यही वजह है कि एक परिजन बैगा लेकर हॉस्टल पहुंचा और झाड़फूंक करने का प्रयास करने लगा। परिजनों का आरोप है कि हॉस्टल में आने पर माता-पिता को भी बच्चों से मिलने नहीं दिया जाता है और लगातार बच्चों की हालत खराब होती जा रही है।

### छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल बिखेरेंगी जलवा

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र दीपका में सांस्कृतिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का प्रतीक दीपका रंग उत्सव 2.0 का आयोजन 1 मार्च की सुबह 10 बजे से मातृछाया, आजाद चौक, दीपका में होने जा रहा है। यह कार्यक्रम क्षेत्र में रंग, उत्साह और एकता के संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल की उपस्थिति होगी। सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर वे अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। आयोजकों के अनुसार इस ओपन-एयर होली सेलिब्रेशन में लाइव डीजे, रेन डांस और फोम पार्टी जैसे कई रोमांचक आकर्षण होंगे। साथ ही, सुरक्षित होली के लिए इको-फ्रेंडली रंगों का उपयोग किया जाएगा।

### श्रद्धा महिला मण्डल ने फलदार वृक्षों का किया रोपण




**कोरबा।** श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर्स कोरबा द्वारा 26 फरवरी को स्व. के. के. वर्मा उद्यान एवं आकृति महिला मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र, एसबीएस कालोनी एसईसीएल में बादाम, ऑवला, अमरूद, नीबू आदि 30 फलदार वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर्स की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता द्विवेदी, सदस्य क्रमशः श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रभाति पटुवा एवं लक्ष्मी प्रसाद आदि उपस्थित रहीं।

### राष्ट्रीय प्रशिक्षक ने चार्ज अधिकारियों को दिया विस्तृत प्रशिक्षण



**कोरबा।** जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिले में जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन जनगणना निदेशालय के संयुक्त निदेशक अशोक मिश्रा एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक तथा मास्टर ट्रेनर कैलाश पांडे ने जिले के सभी चार्ज अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान संयुक्त निदेशक द्वारा सीएमएमएस पोर्टल में दर्ज की जाने वाली सभी प्रविष्टियों की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। उन्होंने प्रशिक्षण बैच तैयार करने, शेड्यूल निर्माण, सभी तहसीलों में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने तथा अटेंडेंस शीट तैयार करने जैसे आवश्यक प्रबंधन कार्यों पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में मकान सूचीकरण हेतु कार्यक्षेत्र निर्धारण, नक्शे पर लिस्टिंग, मकान सूचीकरण मानचित्र को स्कैन कर सीएमएमएस में अपलोड करने, लैंडमार्क का सटीक उल्लेख सुनिश्चित करने जैसी प्रमुख तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्र के दौरान पीपीटी (पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन टेक्नोलॉजी) के माध्यम से चार्ज अधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया, जिससे आगामी जनगणना कार्यों में पारदर्शिता, गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।

# बायो गैस संयंत्र स्थापना का मार्ग प्रशस्त, 2 वर्ष के अंदर शुरू होगा बायो गैस का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर निगम के बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट बायो गैस संयंत्र स्थापना का मार्ग अब प्रशस्त हो चुका है महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में गुरुवार को संयंत्र स्थापना हेतु नगर पालिक निगम, सी.जी. बायोफ्यूल व गेल इंडिया के मध्य एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया। निगम की ओर से आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सी.जी. बायोफ्यूल से सी.ई.ओ. सुमित सरकार एवं गेल इंडिया से महाप्रबंधक किशोर कुमार ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किया। निगम के स्वच्छता अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत शहर से उत्सर्जित गीले कचरे से बायो गैस का निर्माण करने के निगम के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बायो गैस संयंत्र की स्थापना का कार्य अब धरातलीय स्तर पर साकार होने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रतिदिन डेढ़ सौ टन से ज्यादा कचरे का उत्सर्जन होता है, जिसमें औसतन 50 से 65 टन गीला कचरा होता है, इस बड़ी मात्रा में प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले गीले कचरे का समुचित प्रबंधन एवं डिस्पोजल एक बड़ी समस्या है। निगम द्वारा गीले कचरे के डिस्पोजल व प्रबंधन के मद्देनजर बायो गैस संयंत्र की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ाया गया तथा इस हेतु छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल डेवलपमेंट अथारिटी रायपुर एवं गेल इंडिया लिमिटेड दिल्ली से संपर्क कर संयंत्र स्थापना की कार्यवाही आगे बढ़ाई गई, अब उक्त प्रोजेक्ट में धरातलीय स्तर पर कार्य होगा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत की विशेष उपस्थिति में संयंत्र स्थापना हेतु नगर पालिक निगम, सी.जी. बायोफ्यूल व गेल इंडिया के मध्य एम.ओ.यू. सम्पन्न किया गया। निगम की ओर से आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सी.जी. बायोफ्यूल से सी.ई.ओ. सुमित सरकार एवं गेल इंडिया से महाप्रबंधक किशोर कुमार द्वारा एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये।

### निगम ने किया सीजी बायोफ्यूल व गेल से किया एमओयू

**खास बातें**

- महापौर संजू देवी राजपूत, कलेक्टर दुदावत व निगम आयुक्त पाडेय रहे उपस्थित



### बायो गैस के साथ जैविक खाद भी

बायो गैस संयंत्र स्थापना से एक ओर जहां शहर में प्रतिदिन भारी मात्रा में उत्सर्जित गीले कचरे के प्रबंधन व डिस्पोजल करने की निगम की एक बड़ी समस्या दूर होगी, कचरे का उचित प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा, वहीं दूसरी ओर गीले कचरे से बायो गैस तैयारी की जाएगी, जिसे ईंधन के रूप में उपयोग में लाया जा सकेगा, वहीं बायो गैस उत्पादन के साथ-साथ जैविक खाद का भी उत्पादन होगा, जिसका उपयोग कृषि, बागवानी जैसे कार्यो हेतु किसानों द्वारा किया जा सकेगा। ग्राम बरबसपुर में स्थित शासकीय भूमि में निगम को आबंटित जमीन पर बायो गैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी, संयंत्र स्थापना हेतु उक्त जमीन को सुरक्षित कर लिया गया है, एम.ओ.यू. सम्पन्न होने के पश्चात अब प्रोजेक्ट पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा तथा अधिकतम 24 माह की समयसीमा में संयंत्र कार्य करना प्रारंभ कर देगा।

## पुलिस ने दुकान संचालकों को सुनाया फरमान

# रंग गुलाल और पिचकारियों से सजा बाजार, मुखौटा बेचने वालों की खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

जैसे-जैसे होली की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे जिले में होली की खुमारी छाने लगी है। रंग गुलाल पिचकारी का बाजार सचकर तैयार हो चुका है और एक-दो दिनों में बाजार पूरी तरह से सजकर तैयार हो जाएंगे और लोग बड़े पैमाने पर रंग गुलाल पिचकारी की खरीदी भी करेंगे लेकिन वहीं दूसरी ओर इस पर्व के दौरान कोई भी मास्क या मुखौटा बेचने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी, इसके लिए पुलिस ने पहले ही दुकान संचालकों को फरमान जारी कर दिया है कि वह अपने दुकानों में किसी भी तरह का मास्क या मुखौटा ना रखें।

उल्लेखनीय है कि जिले में होली पर्व की तैयारी शुरू हो चुकी है। सभी थाना और चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में नागरिकों की बैठक लेकर उन्हें होली पर्व के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना है विशेष निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा भी लगातार बैठकों का दौर शुरु कर दिया गया है। साथ ही शहर के बड़े-बड़े दुकानों में गुलाल रंग पिचकारी की दुकान सजकर तैयार हो चुकी है। शनिवार से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में दुकान लगना शुरु हो जाएगा। खासतौर पर बुधवारी, पुराना बस स्टैंड में बड़े-बड़े दुकान सजेंगे जहां जमकर रंग गुलाल पिचकारी की खरीदी होगी। साथ ही इस पर्व के दौरान लोग मुखौटा अन्य तरह के आवश्यक सामग्रियों की बिक्री करते हैं। पुलिस ने मास्क या मुखौटा की बिक्री ना हो और आम जनमानस को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने विगत दिनों बड़े-बड़े दुकान संचालकों की बैठक ली थी और उन्हें साफ फरमान जारी किया था कि वह अपने दुकानों में मुखौटा या मास्क की बिक्री न करें यदि वे इस तरह की हरकत करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक शहर में ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है लेकिन जैसे-जैसे होली पर नजदीक आएगा दुकान संचालक चोरी चुपके से मुखौटा व मास्क बेचने लगेंगे तो पुलिस द्वारा छापेमारी की कार्रवाई कर उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए दुकान को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

### नगाड़ों गूंज नहीं सुनाई दे रही

नगाड़ों की थाप नहीं दे रही सुनाई होली का पर्व के को लेकर लोग जमकर तैयारी करते थे और होली का दहन के 15 से 20 दिनों पहले ही नगाड़ा की थाप सुनाई दिया करती थी लेकिन अब भागम भागभरी जिंदगी की वजह से लोग इससे दूर होने लगे हैं। होली का पर्व के एक-दो दिन पहले ही नगाड़ों की थाप सुनाई देगी। अब तक बाजार में नगाड़ों का बाजार नहीं सजा है। संभावना जताई जा रही है कि शनिवार से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में नगाड़ों का बाजार सजेगा और बिक्री होगी। नगाड़ा व्यापारियों का कहना है कि 2 से 3 दिनों में ही नगाड़ों की बिक्री होती है इसलिए उनके द्वारा शनिवार से ही शहर के अलग-अलग बाजारों में नगाड़ों की बिक्री की जाएगी। मौजूदा स्थिति में नगाड़ों की कीमत लगभग दो से ढाई हजार रुपए बताई जा रही है। नगाड़ा बनाकर बेचने वाले व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार नगाड़े की जमकर बिक्री होगी।

### पिचकारियों का नया कलेक्शन

बाजार में उतरी नई नई पिचकारियां इस वर्ष होली के त्योहार में बाजार में नई-नई पिचकारियां और हर्बल गुलाल की भरमार है। बाजार में 20 रुपये से लेकर हजार रुपये तक की हाइटेक पिचकारियां मिल रही हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक गन, ड्रेगन पिचकारी, सिलेंडर गुलाल, गोल्डन सिल्वर स्प्रे, मिसाइल टॉप, वाटर गन, इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्रेशर पिचकारी, बबल गन, कलर टैंक पिचकारी और कार्टून कैरेक्टर और फैंसी पिचकारियां शामिल हैं। इस बार होली में रंग-बिरंगी पिचकारियों और हर्बल गुलाल की मांग बढ़ी है। इसके अलावा कान्हा पिचकारी की मांग सबसे ज्यादा है, जिसकी कीमत सिर्फ 20 रुपये है। यह पिचकारी भगवान श्रीकृष्ण को ध्यान में रखकर बनाई गई है और इसमें अबीर-गुलाल की छोटी पैकिंग भी मिलती है। बताया जाता है कि इस बार जिले में 5 रुपये से लेकर एक हजार रुपये तक की पिचकारियां मिल रही है।

### बीच सड़क युवकों ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा



**कोरबा।** नशे में धुत युवकों ने कार से बाइक सवार ऑटो चालक को रोककर झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उन्होंने बाइक से कार को ठोकर मारने का दावा किया। इतना ही नहीं बात हाथापाई तक पहुंच गई। खुद को पुलिस अधिकारी का भतीजा बताकर युवकों ने मौके पर जमकर ड्रामा किया। सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर मुख्य मार्ग पर सरेआम मारपीट की घटना सामने आई है। नशे में धुत दो कार सवार युवकों ने एक बाइक सवार ऑटो चालक से विवाद किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाइक ने उनकी कार को ठोकर मारी है। विवाद जल्द ही हाथापाई में बदल गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक सवार ऑटो चालक था, जिसे देखकर ऑटो संघ के पदाधिकारी और राहगीर भी वहां पहुंच गए। कार सवार युवक ऑटो संघ के पदाधिकारियों और अन्य लोगों से हुज्जतबाजी करने लगे।

# नियमितीकरण और ठेका कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर बीएमएस ने निकाली रैली


रैली में शामिल बीएमएस समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीएमएस की बुधवार को आईटीआई तानसेन चौक पर श्रमिकों के केन्द्रीय व राज्य स्तर के मुद्दे पर आमसभा हुई। दोपहर लगभग 3 बजे से आमसभा में संगठन के पदाधिकारियों ने श्रमिकों को संबोधित किया। इसके बाद कलेक्टोरेट तक रैली निकाली और कोरबा तहसीलदार तुलाराम भारद्वाज को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के नाम अलग-अलग ज्ञापन सौंपा।

तीन दिवसीय अधिवेशन में निर्णयानुसार बीएमएस संगठन ने जिले में आम सभा का आयोजन कर धरना दिया। बीएमएस नेता राधेश्याम जायसवाल, सुरेन्द्र राठौर, टिकेश्वर सिंह राठौर, देवेन्द्र द्विवेदी, महेन्द्र ठाकुर, सुरेश साहू समेत अन्य ने संबोधित किया। आमसभा को बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ, सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारी संगठन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के संगठन का समर्थन मिला। प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में संविदा कर्मियों के नियमितीकरण और ठेका कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा की मांग की गई। इसी तरह योजना कर्मी के रूप में सेवाएं दे रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के लंबित मांगों पर भी ध्यान आकृष्ठ कराया है। देश के प्रधानमंत्री व केन्द्रीय श्रम व रोजगार मंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में लेबर कोड बिल की दो संहिता औद्योगिक संबंध संहिता 2020 व व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य परिस्थितियां संहिता 2020 में श्रमिकों की चिंताओं के समाधान समेत 9 सूत्रीय मांग की है। आमसभा व रैली में बीएमएस को समर्थन दे रहे विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों में रंजय सिंह, संजय सिंह, अमिया मिश्रा, सीता कंवर, चंपा कंवर समेत अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# शुल्क लेने के बाद भी छात्रों को नहीं मिला उपाधि प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला में शासकीय व अशासकीय कॉलेजों की संख्या 28 कॉलेज हैं। इन कॉलेजों से नियमित एवं स्वाध्यायी छात्र के रूप में हर साल 7 हजार छात्र ऐसे होते हैं जो यूजी, पीजी व डिप्लोमा की अंतिम वर्ष की पढ़ाई पूरी कर आगे बढ़ जाते हैं। जिन्हें कोर्स पूरा होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। इन छात्रों से यूनिवर्सिटी को हर साल उपाधि प्रमाण पत्र के लिए करीब 26 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त होते हैं। इसी तरह अन्य जिलों से भी शुल्क लिया जाता है। छात्रों से राशि लेने के बाद उन्हें उपाधि प्रमाण पत्र नहीं दिया गया है।

शासकीय व निजी महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर से संबद्ध हैं। छात्रों को पढ़ाई पूर्ण होने के बाद उपाधि प्रमाण पत्र की समय बेसमय जरूरत पड़ती है। जिसे यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को उनके घर के पते पर नहीं भेजता है। यूजी व पीजी कोर्स करने वाले छात्रों को इसके लिए अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। इसकी पूर्ति के लिए यूनिवर्सिटी प्रबंधन छात्रों को डिजी लॉकर का उपयोग करने प्रोत्साहित करता है। हार्ड कॉपी चाहिए तो संबंधित छात्र को यूनिवर्सिटी में आवेदन कर प्राप्त करना होगा। इस प्रक्रिया के लिए दूर दराज में रहने वाले छात्रों को परेशानी होती है। जबकि उपाधि प्रमाण पत्र के एवज में छात्रों से अंतिम वर्ष अथवा अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए आवेदन करने के दौरान ऑनलाइन भुगतान के साथ प्राप्त कर लिया जाता है। घर के पते पर भेजने की प्रक्रिया में अभी काफी सरलीकरण हुआ है। इसके बाद भी इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने का खामियाजा स्थानीय छात्रों को भुगतना पड़ता है। ज्ञात हो कि प्रवेश लेने से लेकर, नामांकन फार्म भरने व परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने तक प्रति छात्रों से उनका डिटेल लिया जाता है। जिसमें छात्रों का स्थायी व अस्थायी पता भी होता है। उपाधि प्रमाण पत्र के लिए छात्रों को संबंधित कॉलेज के प्राचार्य अथवा राजपत्रित अधिकारी का हस्ताक्षर युक्त आवेदन फार्म जिसमें रोल नंबर, नामांकन क्रमांक/पंजीयन नाम हिंदी व अंग्रेजी में, पिता या पति का नाम, माता का नाम, परीक्षा का विषय, स्थायी पता आदि भरवाकर उसके साथ 375 रुपए उपाधि शुल्क के नाम पर जमा कराया जाता है। शुल्क लेने के बाद भी उन्हें अब तक उपाधि प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है।

### एसबीआई ने पीएचसी मोरगा को प्रदान किए वाटर कूलर



**कोरबा।** एसबीआई मोरगा के सौजन्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरगा में मरीजों के लिए वाटर कूलर एवं दो नग कूलर एवं डिलीवरी टेबल, इनवर्टर, बैटरी बच्चों के लिए झूला, मॉसक्विटो लाईट सहित अन्य सामान दिया गया। भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक एवं मोरगा ब्रांच के मैनेजर एवं सरपंच मोरगा ग्रामवासियों के समक्ष प्रदान किया गया। इस दौरान पीएचसी मोरगा के चिकित्सक रमापति तिवारी आयुर्वेद चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स आशा चंद्रा, दिव्यलता पैकरा, नेत्र सहायक गोकर्ण पैकरा, शीतल भगत एवं वृंदावन शर्मा, सुनिल कुमार अग्रवाल, मोरगा प्रभारी चिकित्सा डा अतुल सिंह मोरगा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों पर सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है जबकि एक युवक की अब तक पहचान नहीं हो पाई है जिसकी शिनाख्ति का प्रयास में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के कसनिया मोड़ रोड पर घटित हुई है। बताया जाता है कि बुधवार की देर रात कटघोरा कसनिया रोड पर एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक में सवार युवक की मौत हो गई है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहंचकर वैधानिक कार्रवाई कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा आसपास के थाना क्षेत्र और पड़ोसी जिलों में शिनाख्ति में जुटी हुई है। युवक मोटर साइकिल में सवार था उस मोटरसाइकिल में नंबर नहीं लिखा है जिसकी वजह से पुलिस को उसकी शिनाख्ति में परेशानी हो रही है।

### दुकान का शटर तोड़ कर चोरों ने हजारों का माल किया पार

**कोरबा।** बुधवारी तिलक भवन मार्ग पर स्थित परिसर की एक दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान में रखे सामानों की चोरी कर ली है। इस दौरान चोरों ने ताला नहीं तोड़ा बल्कि शटर को ही तोड़ डाला। बताया जाता है कि घटना रात लगभग 3 बजे की बतायी जा रही है। दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे उन्होंने सीसीटीवी कैमरा को भी तोड़ दिये हैं लेकिन दूसरे कैमरों में रिकॉर्ड हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम अपने खोजी डॉग के जरिए चोरों तक पहुंचाने का प्रयास करती देखी गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

